माथापच्ची

- एक ऐसी संख्या है जिसे चाहे 5/4 में जोड़ें या गुणा करें, उत्तर एक ही आएगा।
- प्रश्न यह है कि उत्तर क्या है?
- एक चीज़ ऐसी भी है जिसमें छेद ही छेद होते हैं फिर भी उसमें पानी ठहर जाता है। सोचा, वह क्या है?
- 23 + 9 = 32, 23 में 9 जोड़ने पर संख्या के अंक पलट जाते हैं। क्या तुम ऐसी ही कुछ और संख्याएँ बता सकते हो?

तुम शायद जानते होगे कि शतरंज में घोड़ा ढाई घर चलता है - दो घर सीधे और एक बाएँ या दाएँ। यानी चित्र में जहाँ घोड़ा रखा है वहाँ से वह लाल गोलों वाली किसी भी एक जगह पर जा सकता है।

मान लो, तुम्हारे पास 4x4 का बोर्ड है। तुम्हें घोड़े को चलाने का ऐसा क्रम ढूँढना है कि वह सभी 15 घरों को कवर कर सके? और हाँ, किसी भी घर पर दो बार ना जाए। तुम घोड़े को किसी भी घर में रख कर शुरुआत कर सकते हो।

क्या तुम एक ऐसा क्रम ढूँढ सकते हो कि तुम्हारा घोड़ा पूरे 16 घर कवर कर सके?



इसे 8x8 के बोर्ड पर भी आज़मा कर देखो।



तुम्हारे पास फलों के तीन बक्से हैं। एक बक्से में केवल सेब हैं, दूसरे में केवल सन्तरे और तीसरे में सेब व सन्तरे दोनों हैं। हर बक्से पर चिट लगी है। लेकिन किसी भी बक्से पर सही चिट नहीं लगी है। क्या तुम किसी भी एक बक्से से सिर्फ एक फल निकालकर सभी बक्सों की चिट सही कर सकते हो?

एक बन्दर ने पुली से बँधी रस्सी के एक छोर को पकड़ रखा है। रस्सी के दूसरे छोर पर केले बँधे हुए हैं। केलों का वज़न उतना ही है जितना कि बन्दर का। क्या तुम बता सकते हो जब बन्दर रस्सी पर चढ़ेगा तो दूसरे छोर पर क्या होगा?

खाली जगहों में तुम्हें नीचे दिए गए चित्र के आधार पर अक्षर भरना है। इन्हीं अक्षरों से मिलकर दाईं तरफ का शब्द भी बन जाएगा। क्या तुम उसका चित्र भी बना सकते हो?

... ला + ...क्शा + ब... = ...ल...